भारत सरकार
पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय

राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या: 1430
दिनांक 14 **मार्च**, 2022

सीएनजी की दर में वृद्धि

1430# **श्री राम नाथ ठाकुर**:
श्रीमती छाया वर्मा:
श्री विशम्भर प्रसाद निषाद:
चौधरी सुखराम सिंह यादव:

क्या **पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) गत तीन वर्षों के दौरान सीएनजी की दर में हुई वृद्धि का ब्यौरा क्या है;

(ख) गत तीन वर्षों के दौरान किन-किन कंम्पनियों से कितनी-कितनी सीएनजी खरीदी गई हैं; और

(ग) गुजरात में स्थित सरकारी और निजी कंम्पनियों से सीएनजी खरीदने के लिए निर्धारित सीएनजी दरों का ब्यौरा क्या है?

उत्तर
पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय में राज्य मंत्री
(**श्री रामेश्वर तेली**)

(क) से (ग): भारत सरकार न तो सीएनजी की खरीद करती है और न ही इसका मूल्य निर्धारण करती है। तथापि, सरकार प्रशासित मूल्य-निर्धारण व्यवस्था (एपीएम) दर पर सीएनजी (परिवहन) और पीएनजी (घरेलू) प्रयोजन हेतु विभिन्न नगर गैस वितरण (सीजीडी) कंम्पनियों को घरेलू प्राकृतिक गैस का आबंटन करती है। पिछले तीन वर्षों के दौरान देश में सीएनजी की बिक्री (2018-19), 3076 हजार मीट्रिक टन (टीएमटी), (2019-20) 3247 टीएमटी और (2020-21) में 2589 टीएमटी थी।

सीजीडी कंम्पनियों द्वारा बिक्री कर, प्रशुल्क तथा अन्य घटकों पर विचार करने के बाद सीएनजी के खुदरा बिक्री मूल्य का निर्धारण किया जाता है। पिछले 3 वर्षों के दौरान घरेलू प्राकृतिक गैस (एपीएम) के मूल्यों में अंतर निम्नवत है:

अवधि	घेरलू प्राकृतिक गैस का मूल्य अमरीकी डालर/एमएमबीटीयू में*
अप्रैल, 2019 – सितम्बर, 2019	3.69
अक्तूबर, 2019 – मार्च, 2020	3.23
अप्रैल, 2020 – सितम्बर, 2020	2.39
अक्तूबर, 2020 – मार्च, 2021	1.79
अप्रैल, 2021-सितंबर, 2021	1.79
अक्तूबर, 2021 – मार्च, 2022	2.90

* एमएमबीटीयू – मिलियन मीट्रिक ब्रिटिश थर्मल यूनिट

****